सबसे पहले लूँगा में बाबोसा का नाम

तर्ज - पारम्परिक

सबसे पहले मैं लूंगा, बाबोसा का नाम,
नाम लेते ही बाबोसा का, बनते मेरे काम,
तो बोलो ॐ बाबोसा......

बाबोसा की मैंने दिल मे ज्योत जगाई,
जन्मों जन्म की इनसे, मैंने प्रीत लगाई,
इनके आने से जीवन मे खुशियाँ छाई,
तो बोलो ॐ बाबोसा......

बाबोसा तुम मेरी, लाज बचाते रहना,
मैं पथ से जो भटकूँ, तुम राह दिखाते रहना,
अपने चरणों मे थोड़ी सी जगह दे देना,
तो बोलो ॐ बाबोसा......

बाबोसा की शरण मे, दिलबर जो भी आता है,
सुख शांति संपति, धन वैभव यश वो पाता है,
अपनी कृपा दृष्टि, तुम यु ही बनाये रखना,
तो बोलो ॐ बाबोसा......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28412/title/sabse-pehle-lunga-main-babosa-ka-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |